# एलएलयू जोधपुर और आइबीबीआइ का ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आज से

8.10.2026.P-9

जोधपुर @ पत्रिका. राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर (एनएलयूजे) के सेंटर फॉर इनसोल्वेंसी एण्ड बेंकरप्ची स्टडीज (सीआइबीएस) की ओर से के सहयोग से छह दिवसीय ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम 8 से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। चौथे एनएलयूजे-आइबीबीआइ ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स 2026 की थीम 'बियोंड ए डिकेड: दी आइबीसी इन ट्रांजिशन' है। पाठ्यक्रम में दिवालियापन एवं शोधन अक्षमता संहिता (आइबीसी) के एक दशक पूरे होने के बाद कानून, नीति और व्यवहार में आए बदलावों पर चर्चा होगी। कुल 25 घंटे के इस पाठ्यक्रम में अकादमिक सत्रों के साथ करियर विकास से जुड़े सत्र भी होंगे। प्रतिभागियों का मूल्यांकन एमसीक्यू परीक्षा और निबंध के आधार पर किया जाएगा। प्रदर्शन के आधार पर सहभागिता और मेरिट प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। पाठ्यक्रम की खासियत उत्कृष्ट प्रतिभागियों के लिए इंटर्नशिप के अवसर हैं। बेहतर प्रदर्शन करने वाले 15 से 20 प्रतिभागियों का चयन कर टियर-1 लॉ फर्मों, नीति अनुसंधान संस्थानों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के चैंबर्स में इंटर्नशिप के अवसर दिए जाएंगे। विवि कुलगुरु प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर, कुलसचिव डॉ. सुनीता पंकज और सीआइबीएस के मुख्य समन्वयक डॉ. आनंद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पाठ्यक्रम आयोजित होगा।

# BREAKING NEWS

1st इंडिया NEWS

Date:07/10/2026

## Jodhpur: कल से शुरू होगा NLUJ–IBBI का छह दिवसीय ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर और IBBI के सहयोग से आयोजन, 8 से 13 अक्टूबर तक ऑनलाइन माध्यम से चलेगा विशेष पाठ्यक्रम, IBC के एक दशक बाद कानून और नीतिगत बदलावों पर होगी चर्चा,"IBC in Transition" थीम पर केंद्रित रहेगा इस वर्ष का पाठ्यक्रम, 25 घंटे के कार्यक्रम में होंगे अकादमिक और करियर से जुड़े सत्र, Cisco Webex के जरिए ऑनलाइन आयोजित किए जाएंगे सभी सत्र, MCQ परीक्षा और निबंध के आधार पर होगा प्रतिभागियों का मूल्यांकन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मेरिट प्रमाण-पत्र भी मिलेगा, 15 से 20 प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को मिलेंगे विशेष इंटर्नशिप अवसर, टियर-1 लॉ फर्म, नीति संस्थानों और प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं के चैम्बर्स में मिलेगा मौका

TATA PLAY 1182 | airtel 361 | hathway 780 | SITI 369 | DEN 334 | Reliance 340 | NXT DIGITAL 330 | RM 122

# राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा 8 से 13 अक्टूबर 2026 तक छह दिवसीय NLUJ-IBBI ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का आयोजन

( खबर चक्र )

**जोधपुर।** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर के Centre for Insolvency and Bankruptcy Studies (CIBS) mæÚUæ Insolvency and Bankruptcy Board of India (IBBI) ·Ô¤ âãØô» âð IVth NLUJ-IBBI Online Certificate Course 2026 का आयोजन 8 से 13 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। इस वर्ष के पाठ्यक्रम की थीम ÒBeyond a DecadeÑ The IBC in Transition - The ww Overhaul, Cross-Law Conflicts, and Careers in Modern Insolvency PracticeÓ है। पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को विशेष इंटर्नशिप के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर में आयोजित होने वाले इस छह दिवसीय ऑनलाइन पाठ्यक्रम का आयोजन प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर, माननीय कुलगुरु, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर, डॉ. सुनीता पंकज, कुलसचिव, तथा डॉ. आनंद कुमार सिंह, मुख्य समन्वयक, Centre for Insolvency and Bankruptcy Studies के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया जाएगा।

छह दिवसीय इस गहन ऑनलाइन पाठ्यक्रम में दिवालियापन एवं शोधन अक्षमता संहिता (Insolvency and Bankruptcy Code-IBC) के एक दशक पूर्ण होने के उपरांत उभरने वाले समकालीन कानूनी, नीतिगत एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कुल 25 घंटे के इस ऑनलाइन कार्यक्रम में अकादमिक सत्रों के साथ-साथ प्रतिभागियों के करियर विकास से संबंधित विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। पाठ्यक्रम का संचालन ऑनलाइन माध्यम से ष्टद्बह्यष्श ह्लद्दड्डद्द× के जरिए किया जाएगा।

पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रमाण-पत्र (Certificate of Participation) तथा प्रशंसा-पत्र/मेरिट प्रमाण-पत्र (Certificate of Merit) प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन स्ष्टक्त परीक्षाओं एवं निबंध मूल्यांकन में प्राप्त संचयी प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

इस पाठ्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में से एक इंटर्नशिप के अवसर हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में से चयनित विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित Tier-1 लॉ फर्मों, प्रमुख नीति अनुसंधान संस्थानों (Policy Think Tanks) तथा प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं के चैम्बर्स में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। कुल 15 से 20 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का इंटर्नशिप के लिए चयन किया जाएगा।

वर्ष 2026 में Insolvency and Bankruptcy Code, wv (IBC) के एक दशक पूर्ण होने के अवसर पर Centre for Insolvency and Bankruptcy Studies द्वारा एक संपादित ग्रंथ Beyond the CodeÑ Critical Perspectives on a Decade of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 भी प्रकाशित किया गया है। इस ग्रंथ का संपादन प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर, कुलगुरु, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर; डॉ. आनंद कुमार सिंह, Executive Director, CIBS; तथा डॉ. सार्थक मिश्रा द्वारा किया गया है।

इस ग्रंथ का औपचारिक विमोचन माननीय श्री न्यायमूर्ति सूर्यकांत, भारत के मुख्य न्यायाधीश, द्वारा 16 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया था।


NLUJ-IBBI ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को दिवालियापन एवं शोधन अक्षमता कानून के बदलते परिदृश्य की व्यापक समझ प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक insolvency practice में उभरते अवसरों एवं चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

दैनिक नवज्योति

# एनएलयू में आज से ऑनलाइन पाठ्यक्रम, उत्कृष्ट प्रतिभागियों को इंटर्नशिप का अवसर

## आईबीसी के बदलते स्वरूप और कानूनी चुनौतियों पर मंथन

**जोधपुर/ नवज्योति।** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर (एनएलयूजे) के सेंटर फॉर इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी स्टडीज (सीआईबीएस) की ओर से इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (आईबीबीआई) के सहयोग से IVth NLUJ–IBBI Online Certificate Course 2026 का आयोजन 8 से 13 अक्टूबर तक ऑनलाइन किया जाएगा। इस वर्ष पाठ्यक्रम की थीम 'Beyond a Decade: The IBC in Transition' है। छह दिवसीय पाठ्यक्रम में 25 घंटे के सत्र होंगे। विशेषज्ञ आईबीसी के एक दशक बाद सामने आए कानूनी, नीतिगत और व्यावहारिक पहलुओं, प्रस्तावित बदलावों तथा विभिन्न कानूनों के बीच उभरते अंतर्विरोधों पर चर्चा करेंगे। आधुनिक इन्सॉल्वेंसी प्रैक्टिस में करियर अवसरों को लेकर भी सत्र होंगे। कार्यक्रम Cisco Webex के माध्यम से संचालित होगा।



प्रतिभागियों का मूल्यांकन एमसीक्यू परीक्षा और निबंध के संयुक्त प्रदर्शन के आधार पर होगा। सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मेरिट प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। चयनित 15 से 20 उत्कृष्ट प्रतिभागियों को टियर-1 लॉ फर्मों, नीति अनुसंधान संस्थानों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के चैम्बर्स में इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। सीआईबीएस ने आईबीसी के एक दशक पर आधारित संपादित ग्रंथ 'Beyond the Code: Critical Perspectives on a Decade of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016' भी प्रकाशित किया है। इसका संपादन प्रो. हरप्रीत कौर, डॉ. आनंद कुमार सिंह और डॉ. सार्थक मिश्रा ने किया है। ग्रंथ का विमोचन भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 16 अगस्त 2026 को एनएलयू जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम में किया था। पाठ्यक्रम कुलगुरु प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर, कुलसचिव डॉ. सुनीता पंकज और सीआईबीएस मुख्य समन्वयक डॉ. आनंद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में होगा।

Scanned with OKEN Scanner